# हर घर तिरंगा के तहत प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया

**भिलाईनगर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र के प्रति भावना और हर घर एक तिरंगा लगाने के साथ शहर को साफ–सुथरा बनाये रखने नागरिको में जन जागरूकता लाने अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्य में इसकी शुरूवात सुपेला घड़ी चौंक से होते हुए लक्ष्मी मार्केट तक रैली निकाला गया। इसमें सड़क किनारे फूटपाथ पर व्यवसाय करने वालो को शहर की साफ–सफाई में विशेष योगदान देने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु जागरूक किया गया। फल एवं ठेला संचालकों द्वारा प्लास्टिक उपयोग करने पर जप्ती की कार्यवाही कर समझाइस दिया गया है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल शहर के नागरिकों को प्लास्टिक मुक्त अभियान में सहयोग करने हेतु अपील विशेष किए हैं । हम सभी को अपने जीवन के हर एक गतिविधियों में प्लास्टिक का बहिष्कार करना है, जिससे आने वाले समय में प्लास्टिक के भयावह दुष्परिणाम से बचा जा सके। हम सभी प्लास्टिक से दूरी बनाकर अपने जीवन को सुखमय एवं स्वास्थ्य पूर्ण बना सकते हैं। 7 अगस्त से चल रहे हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता अभियान में प्रति दिवस की गतिविधि अलग–अलग है। जागरूकता रैली में जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, कमलेश द्विवेदी, अतुल यादव, पीआईयू, अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी, एल.एल.आर.एम. सेंटर की महिलाए एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

